नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

05 APR
Ref: 145/2021
Dt-3-4-2021
05.04.2021

अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर नगर पंचायत स्थित केजरीवाल उच्च विद्यालय झंझारपुर के परिसर में बहुद्देशीय भवन निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर नगर पंचायत स्थित केजरीवाल उच्च विद्यालय में मॉडल स्कूल भवन निर्माण का पूर्व में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था। मॉडल स्कूल निर्माण से संबंधित जिला पदाधिकारी मधुबनी ने अपने कार्यालय पत्रांक 2154 दिनांक 5.12.2014 के माध्यम से आपके पास जमीन की उपलब्धता से संबंधित पत्र भेजा गया था। उक्त पत्र नये मॉडल स्कूल भवन निर्माण के प्राक्कलन बनाने से संबंधित था।

केजरीवाल उच्च विद्यालय झंझारपुर शहर का एक प्रमुख विद्यालय है। विद्यालय में भूमि की उपलब्धता भी है, संभवतः अब राज्य में मॉडल स्कूल के निर्माण की प्रक्रिया परियोजना में शामिल नहीं है, ऐसी स्थिति में विद्यालय में छात्रों की संख्या एवं उत्तरोत्तर विकास को देखते हुए उक्त भूमि पर बहुद्देशीय भवन निर्माण कराया जा सकता है, ताकि विद्यालय के बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

अतः अनुरोध है कि संलग्न पत्र के आलोक में केजरीवाल उच्च विद्यालय झंझारपुर के उक्त भूमि पर बहुद्देशीय भवन का निर्माण कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 3.4.21

संलग्न– जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्र की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in